**न्यायालय अपर सिविल जज (सी०डि०)कक्ष संख्या– 04/ए.सी.जे.एम., बरेली।**

परिवाद संख्या–2372/2024

मुशाहिद रजा खाँ बनाम दिनेश कुमार सिंह आदि

**दिनांक–20.05.2025**

पत्रावली पेश हुई। पुकार करायी गयी। बार–बार पर पुकारे जाने के बाद भी परिवादी उपस्थित नहीं, न ही उसकी ओर से कोई स्थगन प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है।

पत्रावली शेष साक्ष्य 202 दं०प्र०सं० हेतु नियत है, परन्तु विगत कई तिथियों से परिवादी वाद में उपस्थित नहीं आ रहा है तथा न ही कोई साक्ष्य अंतर्गत धारा 202 दं०प्र०सं० प्रस्तुत कर रहा है जिससे यह प्रतीत होता है कि उसकी वाद में कोई रुचि शेष नहीं रह गयी है। परिवादी को न्यायहित में पर्याप्त अवसर प्रदान किये जा चुके हैं। अतः परिवाद अंतर्गत धारा 203 दं०प्र०सं० खारिज किये जाने योग्य है।

**आदेश**

परिवादी का परिवाद अन्तर्गत धारा–203 दं०प्र०सं० में खारिज किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल अभिलेखागार हो।

(रंजना सरोज)
अपर सिविल जज (सी०डि०)
कक्ष संख्या–04/ए.सी.जे.एम., बरेली।